मांग संख्या 27
मुख्य शीर्ष 2202

मद कमांक 1-5

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थाओं में केन्द्रीय सहायता से सेवाकालीन प्रशिक्षण/क्रियात्मक अनुसंधान, एवं भवन निर्माण हेतु रूपये 704.28 लाख का व्यय संभावित है । यह शतप्रतिशत केन्द्रीय अनुदान है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 7,04,28,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 6

शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक प्रदाय करने हेतु रूपये 300.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 3,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 7-8

सर्वशिक्षा अभियान के राज्यांश हेतु रूपये 3750.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 37,50,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 9

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद् के लिये वाहन क्रय हेतु अतिरिक्त राशि रूपये 0.54 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 54,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 10-12

राज्य शासन द्वारा निम्नानुसार हाई स्कूलों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के उन्नयन का निर्णय लिया गया है । इस हेतु राशि रूपये 14.00 लाख का व्यय संभावित है ।

पदो का विवरण निम्नानुसार है:-

(1) ग्राम कलेण्डा जिला महासमुंद में हाई स्कूल का हायर सेकंड्री मे उन्नयन ।

(2) ग्राम खल्लारी जिला महासमुंद में हाई स्कूल का हायर सेकंड्री मे उन्नयन ।

(3) ग्राम पिपरिया जिला कबीरधाम में कन्या पूर्व माध्य.शाला का कन्या हाई स्कूल में उन्नयन ।

कमांक	पदनाम	वेतनमान	संख्या
1	प्राचार्य हायर सेकंड्री	8000-13500	02
2	प्राचार्य 10+2	6500-10500	01
3	सहायक ग्रेड-2	4000-6000	03
4	सहायक ग्रेड-3	3050-4590	01
5	भृत्य	कलेक्टर दर	06
6	शिक्षा कर्मी वर्ग-1	5300-8300	18
7	शिक्षा कर्मी वर्ग-2	4500-7000	07
8	शिक्षा कर्मी वर्ग-3	3800-5800	05
		योग	**43**

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 14,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 10

ग्राम कुमर्दा जिला राजनांदगांव, ग्राम बिछिया (बसना) जिला महासमुन्द में संचालित हाई स्कूल का हायर सेकंड्री में एवं ग्राम किल्लेकोड़ा विकास खंड डौण्डीलोहारा जिला दुर्ग, ग्ग्रम खरहट्टा (गंडईकला), ग्राम कुसुमघटा ब्लाक बोड़ला जिला कबीरधाम में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन हेतु लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से की जावेगी ।

कमांक	पदनाम	वेतनमान	संख्या
1	प्राचार्य हायर सेकंड्री	8000-13500	02

2	प्राचार्य हाई स्कूल	6500-10500	03
3	सहायक ग्रेड-2	4000-6000	05
4	सहायक ग्रेड-3	3050-4590	03
5	भृत्य	कलेक्टर दर	08
6	शिक्षा कर्मी वर्ग-1	5300-8300	18
7	शिक्षा कर्मी वर्ग-2	4500-7000	21
8	शिक्षा कर्मी वर्ग-3	3800-5800	07
		योग	**6**

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 100 के प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 13

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत स्कूलों में कम्प्यूटरीकरण हेतु रूपये 53.53 लाख का व्यय संभावित है । अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 53,53,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 14-15

राज्य के 1000 स्कूलों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ करने हेतू केन्द्र प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत राशि रूपये 1600.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 16,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 16

स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनौद जिला जांजगीर को तदर्थ अनुदान देने हेतु रूपये 10.92 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 10,92,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4202

मद कमांक 17

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अड़भार, कन्या हाई स्कूल अड़भार शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बंदोरा खल्लारी, कलेण्डा एवं पिपरिया के भवन निर्माण हेतु राशि रूपये 45.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 45,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।